## खबर संक्षेप



### बका के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**ढीमरखेड़ा।** धारदार बका के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में युवक को गिरफ्तार कर धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेजा गया। पुलिस के अनुसार गत दिवस मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा ग्राम सिमरिया हुनमान मंदिर के पास एक व्यक्ति धारदार बका लिये खड़े होने की सूचना पर मौके पर जाकर आरोपी रतल लाल उर्फ लल्लू पटेल पिता ताराचंद पटेल 24 साल निवासी ग्राम सारगंपुर को गिरफ्तार कर बका जप्त किया गया। आरोपित के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट का कायम कर आरोपी को गिरफतार कर न्यायालय ढीमरखेडा में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया है। आरोपित के विरूद्ध ढीमरखेड़ा थाने में पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हुए हैं कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. अभिषेक चौबे, उनि सुरेश चौधरी, आर. पंकज सिंह, आर देवेन्द्र अहिरवार आर. दीपक सिंह का विशेष भूमिका रही ।

### कक्षा 3 से 8 के अर्धवार्षिक मूल्यांकन अब 8 दिसंबर से

**कटनी।** शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 3 से 8 के लिए 24 नवंबर से प्रस्तावित अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथि बदल दी गई है। अब यह मूल्यांकन 8 दिसंबर से 13 दिसंबर 2025 के बीच आयोजित किया जाएगा।राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेशभर में चल रही चुनावी प्रक्रिया और SIR कार्य में बड़ी संख्या में शासकीय कर्मचारी व्यस्त हैं। इसी कारण छात्रों के लिए सुचारु रूप से मूल्यांकन संचालन सुनिश्चित करने हेतु समय-सारिणी को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।नई समय-सारिणी जारी करते हुए राज्य शिक्षा केन्द्र ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संस्थाप्रधानों और शिक्षकों को निर्देशित किया है कि वे संशोधित तिथियों के अनुसार परीक्षा की तैयारी सुनिश्चित करें और विद्यार्थियों को भी समय पर सूचित करें।इस निर्णय से विद्यालयों को मूल्यांकन की बेहतर तैयारी और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने का अधिक समय मिल सकेगा।

### ट्रक की टक्कर से लोडर वाहन हुआ क्षतिग्रस्त

**कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग में बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीती रात एक सड़क हादसा हुआ। टक्कर से लोडर वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, हालांकि चालक को मामूली चोट आईं। लोडर वाहन MP 09 GG 8735 के चालक मनोहर पटेल ने बताया कि वह मुंबई से खाली गाड़ी लेकर उमरिया जा रहा था। देर रात करीब 10 बजे जब वह मझगवां टोल प्लाजा के पास NH-43 पर था तभी उमरिया से कटनी की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक गलत दिशा में आकर उनके वाहन से टकरा गया।

## रबी सीजन की फसलों की बोवनी की चल रही तैयारियां, किसानों की बढ़ रही समस्या

# बिन पानी सब सूनः बिना बिजली कैसे हो खेतों की सिंचाई, एक शिफ्ट में 10 घंटे बिजली देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



रबी सीजन कृषि कार्य का दौर शुरू हो गया है।कृषक खेतो को तैयार करने मे लगे हुए है।जुताई के साथ बुवाई का दौर भी जारी है।लेकिन इन दिनों अन्नदाताओं को समय पर पूरी बिजली नहीं मिल पा रही है। इसके साथ ही हालात यह है कि खराब ट्रांसफॉर्मर भी समय पर नहीं बदले जा रहे है। ऐसे में किसानों को रबी की फसल में सिंचाई में ही काफी परेशानी हो रही है।इससे किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर हालात यह है कि निर्धारित समय में कई बार ट्रिपिंग हो रही है। जिससे किसानों को सिंचाई मैं परेशानी हो रही है।

बहोरीबंद विकासखण्ड में अभी खेतो को तैयार करने पलेवा का दौर जारी है। इसके लिए किसानों को बिजली की आवश्यकता है। इसके लिए विद्युत विभाग की ओर से नियमानुसार 10 घण्टे कृषि कार्य हेतु बिजली दी तो जा रही है लेकिन 6-4 घण्टे के दो शिफ्ट में। दिन में 6 घण्टे व रात में 4 घण्टे का शेड्यूल निर्धारित किया गया है। किसानों की मांग है कि एक ही शेड्यूल बनाकर दिन मैं 10 घण्टे कृषि कार्य हेतु बिजली आपूर्ति की जाए जिससे सिंचाई व्यवस्था हो सके। वर्तमान नियमावली से तो रबी सीजन कृषि कार्य दिसंबर मध्य माह के तक जाएगा।

ठंड का समय भी शुरू हो गया जिससे रात्रि के समय किसानों को सिंचाई के लिए रतजगा करना पड़ता है। एक साथ क्षेत्र मे सिंचाई शुरू होने से वर्तमान मे लोड काफी बढ़ गया है। इससे दिन में कई बार ट्रिपिंग हो रही है। बार-बार होने वाली ट्रिपिंग के कारण ट्रांसफॉर्मर जल रहे है। एक साथ ट्रांसफॉर्मर की मांग बढने से कई किसानों को समय पर ट्रांसफॉर्मर नहीं मिलने की समस्या बढ़ती जा रही है। किसानों को खेतों में ही पूरे 6 घंटे बिजली के इंतजार में गुजारने पड़ रहे है। कई बार तो हालात यह हो जाते है कि चार घंटे भी बिजली पूरी तरह से नहीं मिल पाती है। इससे किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है।

### एक ही शिफ्ट में दी जाए बिजली

रामनारायण यादव, जुगल किशोर यादव, संतोष यादव,शेखर यादव सहित अन्य किसानों का कहना है कृषि कार्य के लिए जो 10 घण्टे बिजली देने का प्रावधान है,उसे दो शिफ्ट में न देकर एक ही शिफ्ट में रेगुलर दी जाए जिससे सिंचाई हो सके।

### डीएपी खाद व बिजली की चिंता

बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र के किसानों का कहना है कि शासन -प्रशासन की दोहरी नीति का शिकार किसान हो रहे है। डीएपी खाद 1846 सहकारी समितियों मे नहीं मिल रही जिससे बोवनी कार्य पिछड़ रहा है। प्रशासन स्तर से डबल लाक केंद्रों मे डीएपी खाद की उपलब्धता कराई जा रही है जिससे किसानों को बड़ी समस्या से गुजरना पड़ रहा है। यदि डबल लाक केंद्र खाद लेने जाना है तो फिर 40 से 50 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

### कांग्रेस करेगी आंदोलन

जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ ग्रामीण जिलाध्यक्ष कांग्रेस आदित्य दुबे ने बताया कि रबी सीजन कृषि कार्य मे किसानों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अंचलो मे डीएपी खाद के साथ बिजली की भी बड़ी समस्या उतपन्न है जिससे किसान परेशान है शासन - प्रशासन की दोहरी नीति से किसान परेशान हो रहा है इसलिए कांग्रेस पार्टी किसानों को समस्या न हो, किसानों को समय पर खाद व बिजली मिल सके इसके लिए जल्द आंदोलन करेगी।

### इनका कहना है

सहायक अभियंता अभिषेक गढ़ेवाल का कहना है कि कृषि कार्य के लिए विभाग स्तर से जो शेड्यूल जारी किया गया है उसी शेड्यूल के तहत विद्युत आपूर्ति की जा रही है।ट्रिपिंग के कारण जरूर ट्रांसफार्मर खराब हो रहे है। रही बात ट्रांसफार्मरो के बदलने की तो जहां उपभोक्ता विद्युत बिल जमा कर रहे है वो बदले जा रहे है। जहां बिजली बिल जमा नही कर रहे वहां ट्रांसफार्मर नही बदल पा रहे है।

### पिकअप की टक्कर से मोटर साइकिल सवार युवक की मौत

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना रीठी के इमलिया मोड़ के पास हुई, जहां एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। मृतक युवक की पहचान देवगांव निवासी 19 वर्षीय अंकित यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अंकित यादव प्रतिदिन की तरह अपने काम पर जाने के लिए बाइक से घर से निकला था। इमलिया मोड़ के समीप सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। रीठी पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए रीठी के सरकारी अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

*सीआरपीएफ जवान की शिकायत पर जीआरपी ने दर्ज हुआ मामला*

## ट्रेन से दो मैगजीन एवं 40 गोलियां चोरी होने की घटना से बनी हड़कंप की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



ट्रेन में सफर कर रहे एक सुरक्षा जवान की राइफल के दो मैगजीन कटनी के पास ट्रेन से गायब हो गए। 40 गोलियों से लोड दो मैगजीन अचानक ट्रेन से गायब हो जाने के बाद हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। काफी मशक्कत के बाद मैगजीन तो मिले मगर वे खाली थे। 40 गोलियां कहां गायब हो गई इसका अभी तक पता नहीं चला। संवेदनशील मामले के कारण पुलिस महके में खलबली मची हुई है।

बताया जा रहा है कि बिहार से कच्चेकुड़ा जा रही स्पेशल ट्रेन में सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। खबर यह सामने आ रही है कि बिहार चुनाव ड्यूटी से लौट रहे CRPF जवान की दो इनसाइज राइफल की लोडेड दो मैगज़ीन चोरी हो गईं, जिनमें 40 कारतूस भरे हुए थे। जिसे जीआरपी पुलिस ने सिटी पुलिस के साथ आधारकाप लाइन के किनारे झाड़ियों से दो मैगजीन तो बरामद कर लिए लेकिन दोनों मैगजीन में भरे 40 गोलियां गायब है। अब गायब 40 गोलियों और चोरों की तलाश पुलिस कर रही है।

जीआरपी उपनिरीक्षक अनिल मरावी ने बताया कि स्पेशल ट्रेन कटनी लमतरा और अधारकाप के बीच आउटर पर खड़ी थी, तभी मैगज़ीन चोरी होने की घटना हुई है। मामले की जानकारी मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ एवं सिटी पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और कुछ देर बाद दोनों मैगज़ीन को झाड़ियों से बरामद कर लिया गया, लेकिन इससे पहले की मैगजीन बरामद की जाती उनमें भरे 40 कारतूस गायब हो चुके थे। गायब 40 कारतूस की तलाश जारी है। पुलिस मैगजीन को चोरी करने वालो चोरी की तलाश में भी जुटी हुई है। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए सीटी पुलिस अधिकारी भी आरपीएफ थाने पहुंचे है। महिला CRPF जवान अस्वार प्रतिज्ञा सुधाकर ने जीआरपी थाने में आधिकारिक रिपोर्ट दर्ज कराई है। मैगज़ीन चोरी करने वालों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस जांच तेज कर दी गई है।

## 50 हजार रूपए कीमती लाहन व मदिरा की गई जब्त



कलेक्टर आशीष तिवारी के दिए निर्देश पर आबकारी अमले ने स्लीमनाबाद के अंतर्गत ग्राम नैगवा, शंकर भटिया तेवरी, डुंगरिया, हरदुआ, सिहुड़ी में दबिश दी गई। दबिश की कार्यवाही में 24 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 360 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर जप्त किया गया। कार्यवाही में म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 के तहत सात प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि आबकारी की टीम द्वारा एक अन्य कार्यवाही में वृत विजयराघवगढ़ में ग्राम सिंगौड़ी, खिरवा, फूटहाटोला में दबिश के दौरान 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई एवं आबकारी एक्ट के तहत 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी,मंशा राम उइके, प्रवीण रतन बरकड़े आबकारी वृत विजयराघवगढ़ प्रभारी,आबकारी उप निरीक्षक केशव उइके , वृत स्लीमनाबाद प्रभारी , आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, आबकारी उपनिरीक्षक आंचल प्रजापति सहित अन्य आबकारी स्टाफ का योगदान रहा ।

## टीम डाइट व बीआरसी ने शालाओं का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



शासन की विभिन्न योजनाओं के जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन एवं शिक्षा की गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति जानने के लिए टीम डाइट ने विकासखंड स्त्रोत समन्वयक के साथ विकासखंड बहोरीबंद के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। डाइट फैकेल्टी राकेश सिन्नरकर ने बताया की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु शासन स्तर से विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। डाइट एवं विकासखंड स्तर पर दिए गए बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन )प्रशिक्षण में सभी शिक्षकों को निपुण के लक्ष्य से अवगत कराते हुए एफएलएन सामग्री के उपयोग की जानकारी दी गई तथा विकासखंड स्तर से निपुण के लक्ष्य के पोस्टर भी वितरित किए गए थे कुछ शालाओं ने कक्षा में इन पोस्टर का प्रदर्शन नहीं किया लक्ष्य प्राप्ति हेतु पोस्टर का प्रदर्शन आवश्यक है कुछ विद्यालयों की गुणवत्ता अच्छी पाई वहीं कुछ की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई जिस पर गुणवत्ता सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिए गये। हाई स्कूल रामपाटन में स्थिति संतोषजनक पाई गई प्राथमिक शाला रामनगर में बच्चे अच्छे से पढ़ पा रहे हैं कुछ बच्चों ने तो कहानी भी सुनाई जिसे सुनकर डाइट टीम तथा बीआरसी ने प्रसन्नता व्यक्ति की। इसके साथ ही अन्य स्कूलों का भी निरीक्षण किया गया। बीआरसी प्रशांत मिश्रा ने एसआईआर में लगे शिक्षकों के कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक सहयोग हेतु अन्य शिक्षकों को सहयोग करने निर्देश दिए और स्थानीय युवकों से बात कर एसआईआर के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने को कहा।

*जमानत मिलने के बाद हो गया था फरार, नाम बदल कर छिपता रहा बदमाश*

## 23 सालों से फरार चल रहे हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



हत्या के मामले में आजीवन कारावास के दोषी राकेश बंगाली को रंगनाथ नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपित 24 वर्षों से पुलिस को चकमा दे रहा था। आरोपित ने फरारी के दौरान अपना नाम और पहचान बदलकर राकेश निषाद कर लिया था, जिसके चलते वह वर्षों तक गिरफ्त से दूर बना रहा। पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के लगातार दिए जा रहे निर्देशों व फरार वारंटियों की धरपकड़ अभियान का बड़ा परिणाम है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया तथा नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई।

### न्यायालय ने उम्रकैद की सुनाई थी सजा

पुलिस के अनुसार आरोपी राकेश बंगाली पिता पंचूदास बंगाली, निवासी जुहला थाना एनकेजे वर्ष 1995 में एक हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। वर्ष 1999 में न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। वर्ष 2002 में हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया। फरारी के दौरान उसने अपना नाम बदलकर आधार कार्ड में भी राकेश निषाद कर लिया था। यही कारण था कि उसके खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट होने के बावजूद पुलिस को उसकी सही पहचान वर्षों तक स्थापित नहीं हो सकी।

### नाम बदल किए अपराध, पहचान छिपाता रहा

फरारी के दौरान भी आरोपी के विरुद्ध थाना एनकेजे में अपराध क्रमांक 324/18 धारा 34(2) आबकारी एक्ट और अपराध क्रमांक 395/18 धारा 34(1) आबकारी एक्ट के प्रकरण दर्ज हुए, परंतु नाम बदल लेने के कारण वह हर बार पुलिस की पकड़ से बच निकलता रहा। पुलिस द्वारा आरोपी के उड़ीसा स्थित पते पर भी कई बार दबिश दी गई, किंतु सफलता नहीं मिली। रंगनाथ नगर और कोतवाली पुलिस की संयुक्त पड़ताल में सफलता मिली। पुलिस ने पुराने परिचितों और स्थानीय लोगों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आरोपी की असल पहचान दोबारा स्थापित की। इसके बाद संयुक्त टीम ने आरोपी को मुडवारा स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जिला जेल कटनी भेज दिया गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की हुई बैठक

# कटनी से निवार तक दो सिटी बसों का संचालन, दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

परिवहन कंपनी दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की 19 वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।इस बैठक में कंपनी की डायरेक्टर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं आयुक्त नगर पालिक निगम सुश्री तपस्या परिहार मौजूद रहीं।

बैठक में बताया गया क्लस्टर क्रमांक ए में कटनी से निवार मार्ग पर दो सिटी बसों का संचालन प्रारंभ किया गया है। जिसमें बसों को कटनी से निवार मार्ग पर व्हाया जगन्नाथ चौक (चांडक चौक), मिशन चौक, कटाये घाट, माधव नगर, उप कार्यालय अमीरगंज मानसरोवर कॉलोनी, माधव नगर रेलवे स्टेशन एवं मुड़वारा रेलवे स्टेशन तक चालू किया गया। बसों को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बैठक में बताया गया कि 4 इलेक्ट्रिक अंतरशहरी बस संचालन हेतु अनुबंध 18 सितंबर 2025 को किया गया है जिसके लिए झिंझरी बस स्टैण्ड में स्थान आरक्षित करने का निर्णय लिया गया, तथा बसों की एक्स्टीरियर डिजाइन का अनुमोदन प्रदान किया गया। कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर द्वारा योलो बस संचालक दिल्ली को उक्त कार्य समय सीमा में किए जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग अधोसंरचना के लिए शीघ्र कार्य कराने के निर्देश दिए गए ।

इलेक्ट्रिक चार्जिंग अधोसंरचना डिपो के लिए 1 हेक्टेयर जमीन आवंटन हेतु नजूल निवर्तन नियम के अनुसार कार्यवाही करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया ।

अर्बन ट्रांसपोर्ट अंतर्गत कटनी शहर के लिए विभिन्न श्रेणियों में कमप्रेसिव मोबेलिटी प्लॉन, इंटर स्टेट बस टर्मिनल, पार्किंग पालिसी की डी.पी.आर. बनाए जाने के लिए सी.एफ.ए.केंद्र शासन के तहत 100 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर द्वारा नोमिनेशन आधार पर योजना एवं वास्तुकला विद्यालय भारत सरकार से कार्य कराने का अनुमोदन प्रदान किया गया ।

कंपनी के कार्यों के लिए नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी का वेतन भुगतान कंपनी मद से होने वाली आय से किए जाने के लिए मैनेजिंग डायरेक्टर आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी को अधिकृत किया गया। कंपनी के कार्यों के लिए इंटरनल ऑडिट कराए जाने हेतु नगर निगम दर पर नियुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई ।

### संसोधन करने निर्देश

कंपनी के द्वारा जारी 10 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन हेतु निविदा जारी की गई थी। जिसमें संशोधन प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया एवं चार्जिंग अधोसंरचना हेतु एआईसीटीएसएल इंदौर की परिवहन कंपनी अनुसार संशोधन किये जाने के निर्देश कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा दिये गये।

बैठक में बताया गया कि बस संचालक नसीम ट्रांसपोर्ट द्वारा कटनी से निवार बड़वारा मार्ग सूत्रीकरण के लिए आवेदन लगाये गये है, जिसे सूत्रीकरण करने के लिए कंपनी के अध्यक्ष कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा संभागीय आयुक्त जबलपुर को प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में कटायेघाट मोड पर संचालित सिग्नल को नवीन ब्लैक स्पॉट स्थल बिलहरी मोड पर लगाए जाने के लिए ट्रैफिक यातायात पुलिस से समन्वय कर स्थापित किए जाने हेतु प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया ।

## सांसद ने मांगों को पूरी करने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 का सर्वागीण विकास हो इसके लिए जिला पंचायत सदस्य सोनू पप्पू मिश्रा ने गत दिवस जिले के प्रवास पर रहे सांसद वी डी शर्मा से भेंट कर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 के सर्वागीण विकास को लेकर विभिन्न मांगो को लेकर सांसद वी डी शर्मा को ज्ञापन सौंपा। सौपे गये ज्ञापन के माध्यम की गईं कि बिलहरी को उपतहसील से तहसील में उन्नयन किया जाये, बिलहरी में नवीन महाविद्यालय की स्थापना, बिलहरी मै आईटीआई, बिलहरी चौकी का थाना में उन्नयन, ग्राम पंचायत बिलहरी को नगर पंचायत बनाया जाये। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 अंतर्गत ग्राम पंचायत घुडहरी से कुम्हरवारा, ग्राम जालासुर से लखापतेरी, ग्राम पंचायत कैमोरी से रैपुरा, ग्राम पंचायत घुघरा से नैगवा, घुघरा से ह्दयनगर, ग्राम पंचायत इमलाज से घुडहरी, ग्राम पंचायत पहरुआ से सुनाई ओर ग्राम पंचायत सगोड़ी से जयंती नगर तक पक्का मार्ग की मांग की। ग्राम पंचायत इमलाज जलाशय में एरिकेशन एवं वन विभाग द्वारा वेस्ट वेयर एवं पुलिया का निर्माण कराया गया था, जिसकी पुलिया खराब होने के कारण बरसात का पानी जलाशय के बाहर बह जाता है, जिससे किसानों ओर ग्राम वासियों को इमलाज जलाशय का लाभ नहीं मिल पाता!इसलिए इमलाज जलाशय का मरम्मतीकरण कराया जाये। ग्राम पंचायत बड़ागावं के पास से मेन हाइवे से लिंक रोड न होने के कारण क्षेत्र के लोगों को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं रोड क्रास करने से दुर्घटना घटित होती है इसलिए राष्ट्रीय राजमार्ग 7 से साइड रोड करहिया, बड़ागावं एवं अन्य ग्रामो के आवागमन हेतु रोड बनवाई जाये। जिपं सदस्य की मांग पर सांसद शर्मा ने आश्वासन दिया कि जो सभी मांगों को समुचित तरीके से पूर्ण कराया जायेगा।

खबर संक्षेप

## 85 हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों की ई-केवाईसी कार्य पूर्ण

**कटनी।** मप्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद भोपाल के निर्देश पर जिले में महात्मा गांधी-नरेगा अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों की ई-केवाईसी मोबाईल ऐप के माध्यम से कराई जा रही है। जिले में पंजीकृत 2 लाख 44 हजार 201 श्रमिकों के विरूद्ध अब तक 85 हजार 39 श्रमिकों की ई-केवाईसी का कार्य पूरा किया जा चुका है। महात्मा गांधी-नरेगा अंतर्गत विकसखंड बड़वारा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 42 हजार 694 श्रमिकों के विरूद्ध अब तक 16 हजार 256 श्रमिकों की ई-केवाईसी का कार्य किया जा चुका है। इसी प्रकार विकासखंड बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 45 हजार 701 श्रमिकों के विरूद्ध 10 हजार 158, विकासखंड ढ़ीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 54 हजार 691 श्रमिकों के विरूद्ध 20 हजार 618, विकासखंड कटनी अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 25 हजार 505 श्रमिकों के विरूद्ध 5 हजार 134, विकासखंड रीठी अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 35 हजार 663 श्रमिकों के विरूद्ध अब तक 20 हजार 234 और विकासखंड विजयराघवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पंजीकृत 39 हजार 947 श्रमिकों के विरूद्ध अब तक 12 हजार 639 श्रमिकों की ई-केवाइसी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष श्रमिकों की ई-केवाईसी का कार्य सचिव, ग्राम रोजगार सहायको एवं ग्राम पंचायतों में पंजीकृत मेटों के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। जिसकी समीक्षा वीसी के माध्यम से की जाती है।

## नेगाई की सरकारी भूमि से नहीं हट सका अतिक्रमण

**सिलौंडी।** सिलौंडी से समीपवर्ती ग्राम पंचायत नेगाई में राजस्व विभाग की लगभग 250 एकड़ भूमि शासकीय रिकार्ड में दर्ज है जिसमें चरनोई की भी शामिल है जिसमें ग्राम के लोग कब्जा कर कृषि कर रहे है। शासन की आवश्यक योजनाओं के क्रियावन हेतु जैसे गौशाला , कृषि उपज मण्डी, बस स्टैंड, नर्सरी बनाने भूमि की मांग है। प्रशासन के अनेक बार उच्च अधिकारियों के साथ अतिक्रमण अलग कराने निरीक्षण भी कर लिया। अभी वर्तमान में सरकारी धान खरीदी स्थल पर भी ग्राम के दबंग लोग ने कब्जा कर लिया है। नेगाई के जागरूक लोगों ने वीरासन देवी मंदिर में हुई कलेक्टर जन सुनवाई और जिला स्तर कटनी में कलेक्टर जन सुनवाई में भी नेगाई की सरकारी भूमि से अतिक्रमण अलग कर आवारा पशु की व्यवस्था करने की मांग की थी परंतु अभी तक प्रशासन ने कोई भी करवाई नही किया है ।

## महिला आवेदकों के लिए रोजगार मेला 3 दिसंबर को

**कटनी।** म.प्र.शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में 3 दिसंबर को केवल महिला आवेदिकाओं के लिए निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले द्वारा टाटा इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग कम्पनी कृष्णागिरी तमिलनाडु कम्पनी द्वारा टेक्नीकल ऑपरेटर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, मोबाईल एसेम्बलर, एसेमबिल आपरेटर पदों पर भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी ने बताया कि 18 से 30 साल की आयु सीमा की 10वीं पास, 12 वी आईटीआई (किसी भी ट्रेड से) डिप्लोमा, स्नातक स्नातकोत्तर उत्तीर्ण महिलायें जिन्हें इंगलिश पढ़ना एवं लिखना आता हो आवेदन के लिये पात्र है। कार्यस्थल बैंगलोर से 25 किमी दूर रहेगा। चयनित आवेदिकाओं के लिये कंपनी में कार्य की अवधि 8 घन्टे (कार्य 3 शिप्ट में होता है रविवार अवकाश रहेगा) एवं साल में 30 दिन का अवकाश रहेगा। वेतन के रूप में 19 हजार 143 रूपये फन्ड एवं बीमा कटौती के बाद 14 हजार 485 रुपये दिया जायेगा। साथ ही पीएफ, ईएसआईसी, फ्री भोजन एवं रहने की व्यवस्था, फ्री टान्सपोटेशन एवं बीमा बैंगलोर जाने के लिए टिकट फ्री चयन के बाद सुविधा दी जावेगी। महिला आवेदक अंकसूची, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, 4 पासपोर्ट साईज के साथ रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन 24 नवंबर से 1 दिसंबर तक कार्यालयीन समय में करा सकती हैं। साक्षात्कार 3 दिसंबर को जिला रोजगार कार्यालय में 11 से शाम 3 बजे तक होगा।

### मुरवारी से पोड़ी मार्ग का निर्माण अधर में लटका, दो साल पहले राशि हो चुकी है स्वीकृत

# ग्रामीणों व विद्यार्थियों की फजीहत, जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुरवारी से पोड़ी मार्ग निर्माण के लिए दो वर्ष पहले राशि स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन आज तक सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। हालात यह हैं कि बरसात का पूरा मौसम बीत जाने के बाद भी न तो ठेकेदार ने काम शुरू किया और न ही विभागीय स्तर पर कोई ठोस कदम दिखा। परिणामस्वरूप ग्रामीणों की परेशानी जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण नहीं होने से उन्हें जर्जर रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। गड्ढों, कीचड़ और धूल भरे इस मार्ग पर पैदल चलना भी कठिन हो गया है, जबकि बाइक वाहनों का सफर किसी जोखिम से कम नहीं है।

### दो वर्ष पहले राशि स्वीकृत

जानकारी के अनुसार मुरवारी–पोड़ी मार्ग के लिए लगभग 32 लाख 49 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क का निर्माण कार्य 2023 में शुरू होना था। लेकिन कागजों से आगे बढ़कर यह योजना धरातल पर आज तक नहीं उतर सकी। ग्रामीणों के अनुसार कई बार विभागीय अधिकारियों से निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की गई, पर कभी सामग्री उपलब्ध न होने का बहाना बताया गया और कार्य चालू भी किया गया तो नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य चालू कराया गया जिसमें जांच प्रक्रिया चालू की गई और जांच में ठेकेदार के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए सिद्ध हुए उसके बाद से कार्य बंद पड़ा हुआ हैं कार्य को चालू नहीं किया गया हैं।

### बरसात बीत गई, काम फिर भी ठप

सड़क निर्माण का सबसे उपयुक्त समय बरसात के बाद का माना जाता है। लेकिन इस बार भी बरसात बीतने के बाद कोई गतिविधि नहीं दिखी। न तो सड़क की लेवलिंग की गई, न ही मुरुम डाला गया, और न ही निर्माण स्थल पर किसी मशीनरी की मौजूदगी दिखी। राशि समय पर स्वीकृत कर दी गई थी, लेकिन निर्माण एजेंसी ने काम को गंभीरता से नहीं लिया।विभाग भी इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

### विद्यार्थियों की बढ़ी परेशानी

सड़क निर्माण न होने से सबसे ज्यादा परेशानी कालेज जाने वाले विद्यार्थियों को हो रही है।मुरवारी और आसपास के गांवों से छात्र रोजाना इस रास्ते का उपयोग करते हैं, लेकिन सड़क की खराब हालत उनके लिए बड़ा अवरोध बन गई है। बारिश में रास्ता फिसलन भरा होने के कारण कई बार गिरने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। उम्मीद थी कि इस साल सड़क बन जाएगी, लेकिन हालात पहले से और खराब हो गए हैं। कई छात्र-छात्राओं ने बताया कि बरसात में रास्ता पूरी तरह से खराब हो जाता है। कई बार साइकिल और बाइक लेकर आना भी मुश्किल हो जाता है। इससे कॉलेज की पढ़ाई पर सीधा असर पड़ रहा है।

### किसानों भी हो रहे परेशान

यह मार्ग किसानों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी रास्ते से वे अपनी फसलें घर तक ले जाते हैं। लेकिन सड़क निर्माण न होने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने माना कि यदि सड़क समय पर बन जाती तो उन्हें काफी राहत मिलती। मार्ग की खराब स्थिति के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। बारिश के मौसम में जहां गड्ढे पानी से भर जाते हैं, वहीं सूखे मौसम में धूल उड़ने से सामने से आने वाला वाहन साफ दिखाई नहीं देता।

### निर्माण शीघ्र कराने मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क का निर्माण जल्द से जल्द शुरू किया जाए ताकि छात्रों, किसानों को राहत मिले।लोगों का कहना है कि विभाग और ठेकेदार की निष्क्रियता से गांवों का विकास प्रभावित हो रहा है। सड़क निर्माण में हो रही देरी विकास कार्यों की लापरवाही को उजागर करती है। राशि स्वीकृत होने के बावजूद दो वर्षों तक कार्य न शुरू होना जिम्मेदारों की बेपरवाही को उजागर करता है। बरसात का मौसम बीत चुका है, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं दिखा। ऐसे में ग्रामीणों की परेशानी बढ़ना स्वाभाविक है।

प्रशासन और विभाग को चाहिए कि जल्द कार्रवाई कर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को वर्षों से चली आ रही समस्याओं से छुटकारा मिल सके।



## महिला जनप्रतिनिधियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण संस्थान जबलपुर द्वारा आयोजित जनपद पंचायत बड़वारा के सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभावती तेकाम के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए 'बदलाव का नेतृत्व' शीर्षक से तीन दिवसीय नेतृत्व व क्षमता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की जनप्रतिनिधि महिलाओं में नेतृत्व कौशल विकसित करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, कौशल विकास को प्रोत्साहित करना तथा सरकारी योजनाओं को सुलभ उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर श्रीमती बबीता सिंह और जया कोष्ठी ने प्रतिभागी महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने महिलाओं को स्वयं-रोजगार के अवसर, स्वयं सहायता समूहों के गठन के लाभ, वित्तीय साक्षरता, कानूनी अधिकार, स्वास्थ्य एवं पोषण, तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के तरीकों से अवगत कराया। प्रशिक्षकों ने यह भी बताया कि सब के माध्यम से महिलाएं कैसे संगठित होकर आर्थिक रूप से सक्षम बन सकती हैं और अपने परिवार की आय में वृद्धि कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त, महिलाओं को प्रेरित किया गया कि वे पंचायत व समुदाय स्तर पर अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए सामाजिक बदलाव का नेतृत्व करें।

प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं ने पूर्ण उत्साह के साथ सहभागिता की और यह संकल्प लिया कि वे अपने परिवार, समुदाय और कार्यक्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए नेतृत्वकारी भूमिकाएँ निभाएँगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वे हर कदम पर उनका सहयोग करेंगे ताकि वे सामाजिक, आर्थिक और आत्मिक रूप से सशक्त बन सकें।

*सांसद शर्मा ने तैयारियों की समीक्षा कर खेल मैदान का किया निरीक्षण*

## खेल महोत्सव का शुभारंभ 25 नवंबर से होगा युवाओं में छिपी प्रतिभा को उभारना है उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



खजुराहो–कटनी लोकसभा के सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कटनी पहुँचकर 25 नवंबर से प्रारम्भ होने वाले सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने महोत्सव के शुभारंभ स्थल दीनदयाल खेल परिसर का निरीक्षण किया और वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक टण्डन, विधायक संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक सहित भाजपा पदाधिकारियों व अधिकारियों की उपस्थिति रही।

निरीक्षण के बाद श्री शर्मा ने खेलों से जुड़े खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों तथा आयोजन समिति से मुलाकात की। उन्होंने खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ना, उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को उभारना इस महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य है।

उन्होंने बताया कि यह महोत्सव लगभग एक माह तक चलेगा, जिसमें विभिन्न खेल स्पर्धाएँ आयोजित की जाएँगी और सभी आयु वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर सकेंगे। सांसद ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल खिलाड़ियों को मंच प्रदान करते हैं बल्कि स्वस्थ प्रतियोगिता, अनुशासन और टीम भावना को भी प्रोत्साहित करते हैं।

सांसद शर्मा ने बताया कि शहर में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 25 नवंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय खेल परिसर(फारेस्टर प्ले ग्राउंड) में धूमधाम से होगा तथा इसका समापन पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिन 25 दिसंबर को होगा। सांसद ने बताया खजुराहो-कटनी संसदीय क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव को शुभारंभ कटनी में होगा तथा सेमीफाइनल खजुराहों में और फाइनल पन्ना में होगा। सांसद खेल महोत्सव ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक स्तर और लोकसभा क्षेत्र स्तर तक आयोजित किया जा रहा है।

### एक राष्ट्र एक चुनाव से मजबूत होगा लोकतंत्र



शासकीय महिला महाविद्यालय कटनी में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' अभियान के समर्थन में आयोजित छात्र संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि यह पहल देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक सशक्त, पारदर्शी और सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सांसद शर्मा ने अभियान के आर्थिक प्रभावों को रेखांकित करते हुए बताया कि देश में लगातार अलग–अलग स्तरों पर होने वाले चुनावों में हजारों करोड़ रुपये व्यय होते हैं। एक साथ चुनाव होने पर इस भारी आर्थिक बोझ में उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने कहा कि बार–बार लागू होने वाली आचार संहिता से सरकारों के सामान्य कार्य प्रभावित होते हैं, जबकि संयुक्त चुनाव की व्यवस्था से प्रशासनिक सुगमता बढ़ेगी और विकास कार्यों की गति में भी तेजी आएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री की इस पहल को दूरदर्शी बताते हुए कहा कि इससे चुनावी खर्च में कमी आएगी, शासन स्थिर होगा और देश का समग्र विकास और त्वरित होगा। अंततः लाभ आम नागरिकों को ही मिलेगा।

## मत्स्य पालकों को उच्च गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने मत्स्य पालन हेतु उच्च गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने और मत्स्य कृषकों को मछुआ क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर विश्व मातस्यिकी दिवस पर मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य बीज प्रक्षेत्र सुरखी पौड़ी में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कहीं। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार भी मौजूद रही। कलेक्टर श्री तिवारी ने मत्स्य उत्पादन से संबंधित संरचनाओं एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी लेते हुए मत्स्य पालकों को उच्च गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने मत्स्य विभाग को निर्देशित किया। साथ ही मत्स्य कृषकों के द्वारा मछुआ क्रेडिट कार्ड संबंधी समस्या बताने पर कलेक्टर ने शीघ्र ही क्रेडिट कार्ड वितरित कराने मत्स्य पालकों को आश्वस्त किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने मत्स्य पालक कृषकों की समस्या को निराकृत करते हुए अधिक उत्पादन एवं आर्थिक सुदृढीकरण हेतु प्रेरित किया गया।

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा ग्राम खडौली के खूब सिंह को पौंड बायोप्लाक्स निर्माण हेतु स्वीकृति आदेश प्रदान किया और जिले में अच्छा कार्य करने के लिए आदर्श मछुआ सहकारी समिति को भी पुरस्कृत किया गया। कलेक्टर ने ग्राम बरगवां के कोमल सिंह व ग्राम कैलवारा खुर्द के दशरथ बर्मन ग्राम चरगवां के महीपा बसोर एवं चम्मू बर्मन को मछुआ क्रेडिट कार्ड

*बेटे की सतर्कता एवं दोस्तों की तत्परता से ठगी होने से बचे दंपति*

## साइबर जालसाजों ने डाक्टर दंपत्ति को डेढ़ घंटे तक फंसाये रखा, ठगी से बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

साइबर अपराधों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने वृहद अभियान चलाया जा रहा है इसके इतर साइबर जालसाज भी नित नये हथकंडे ईजाद कर लोगों को झांसे में लेकर ठगी कर रहे हैं। शहर के आजाद चौक गाटरघाट निवासी डॉ. हजारीलाल गुप्ता और उनकी को शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ घंटे तक साइबर अपराधियों के जाल में फंसे रहे। खुद को एनआईए और दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताने वाले साइबर ठगों ने डॉक्टर को यह कहकर डराया कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए हालिया बम विस्फोट में उनके नाम से खरीदी गई SIM कार्ड का दुरुपयोग हुआ है और वे अब आतंकवाद से जुड़े गंभीर मामले में फंस चुके हैं।

अपराधियों ने डॉक्टर दंपत्ति को मानसिक रूप से इतना डरा-धमका दिया कि उन्होंने घर का कमरा अंदर से बंद कर लिया और किसी से बात तक नहीं कर पाए। पूरी अवधि के दौरान वे अपराधियों के वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट में रहे।

डॉ. गुप्ता के मोबाइल पर नंबर 6913516533 से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम इंस्पेक्टर कुशल सिंह बताते हुए कहा कि वे "ट्रस्ट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी" दिल्ली से बोल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कुछ दिन पहले हुए बम विस्फोट में पकड़े गए आरोपी डॉ. अमर अल्वी के ठिकाने से जो 140 संदिग्धों की सूची मिली है, उसमें डॉ. गुप्ता का नाम भी है। उन्होंने कहा आपके नाम की सिम का आतंकियों ने दुरुपयोग किया है। यह सिम मुंबई बांद्रा की एक दुकान से खरीदी गई है। यदि आप सहयोग नहीं करेंगे तो आपको जेल जाना पड़ेगा। इसके बाद ठग ने उनका पूरा पता, परिवार में कौन-कौन हैं, यह जानकारी लेकर तुरंत कमरे में बंद होने का दबाव बनाया। कुछ ही मिनट बाद डॉक्टर को नंबर 9332893852 से वीडियो कॉल आया। कॉल पर मौजूद व्यक्ति ने स्वयं को "वरिष्ठ अधिकारी" बताया और कहा कि उन्हें बचाने के लिए "एनआईसी से सुरक्षा प्रमाणपत्र" बनाना होगा, जिसके लिए उनके बैंक खातों और आधार कार्ड की जानकारी आवश्यक है। डर में डॉक्टर ने एक बैंक खाते में 10 लाख रुपये होने की जानकारी दे दी। आधार कार्ड का विवरण भी साझा कर दिया। इसके बाद ठग उनके मोबाइल पर आने वाले ओटीपी मांगने लगे।

इसी दौरान डॉक्टर के बेटे का फोन आया। बातचीत के दौरान बेटे ने मां की घबराहट को महसूस किया और तुरंत कटनी में रहने वाले अपने परिचित अभय त्रिसोलिया और अन्य दोस्तों को घर भेजा। लोग जब घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। बहुत देर तक आवाज देने और दरवाजा पीटने के बाद डॉ. गुप्ता ने दरवाजा खोला। अभय त्रिसोलिया ने तुरंत डॉक्टर के हाथ से फोन लेकर कॉल बंद किया और मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया। इसी कदम से लाखों की संभावित साइबर लूट टल गई। घटना के बाद डॉक्टर दंपत्ति गहन सदमे में हैं। उन्होंने पूरी घटना की लिखित शिकायत साइबर सेल में दर्ज कराई।

### जिले के किसानों को ज़रूरत के मुताबिक मिलेगी पर्याप्त खाद

## जिले के लिए नीम कोटेड 1652 मीट्रिक टन यूरिया की दो और रैक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की दो और रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 1652 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। इसके पूर्व यूरिया और एनपीके खाद की 4 रैक 12 नवंबर को झुकेही रैक प्वाइंट पर आई थी। इससे 2690 मीट्रिक टन यूरिया और 1550 मीट्रिक टन एनीपीके सहित कुल 4240 मीट्रिक टन उर्वरक कटनी को मिली थी।

झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है। कलेक्टर ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 362 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 210 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 120 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 450 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी और सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा को 55-55 मीट्रिक टन यूरिया, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 50-50 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 100 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

### धान उपार्जन के दौरान तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु टेक्नीकल सपोर्ट ग्रुप गठित

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिये जिला स्तर पर धान उपार्जन में आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी ने टेक्नीकल सपोर्ट ग्रुप का गठन किया है। जारी आदेश के अनुसार गठित टेक्नीकल सपोर्ट ग्रुप में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव, सहायक आपूर्ति अधिकारी पियूष कुमार शुक्ल, खाद्य विभाग के ऑपरेटर सूर्य प्रताप बागड़े व शुभम पाठक व एमपीएससीएससी ऑपरेटर शेखर श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। यह दल जिला स्तर पर धान उपार्जन में आने वाले तकनीकी समस्याओं का समाधान व निराकरण करेगा।



## गौ सेवा एवं सर्प सेवा में उत्कृष्ट कार्य पर सतीश सोनी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भाजपा द्वारा घंटाघर में आयोजित कार्यक्रम में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, विधायक संदीप जयसवाल, जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, राम रतन पायल, पार्षद सोनू बहरे, आशीष गुप्ता की उपस्थिति में गौसेवा, मानव सेवा एवं सर्प सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए माँ लक्ष्मी गौसेवा समिति को सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हमारी संस्था से जुड़े हुए सभी सदस्यों का है, जिन्होंने सामाजिक कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सेवाये दी है। हम सभी को इस सम्मान के लिए बहुत-बहुत बधाई। भविष्य में भी हमारी संस्था के द्वारा ऐसे ही मानव सेवा, पशु सेवा एवं अन्य सामाजिक सेवा का कार्य हम सभी के सहयोग से निरंतर जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### झलकारी बाई जयंती पर कोरी समाज की भव्य रैली, राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार हुए सम्मिलित

**छतरपुर।** शनिवार को समस्त कोरी समाज द्वारा वीरांगना झलकारी बाई जी की जयंती पर भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में मध्य प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार विशेष रूप से शामिल हुए। रैली की शुरुआत शहर के सौंरा रोड से हुई, जो बस स्टैंड, चौक बाजार और संकट मोचन मंदिर मार्ग से गुजरते हुए सिंगारी नदी पर स्थित कबीर आश्रम पहुंची। यहां रैली का समापन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, युवाओं और महिलाओं की उपस्थिति रही। यह रैली सामाजिक एकता, मातृशक्ति और वीरांगना झलकारी बाई के अदम्य साहस को समर्पित रही।

### ट्रक ने पिकअप में मारी टक्कर, पिकअप चालक की मौत

**बमीठा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर कदारी के पास एक तेज़ रफ़्तार ट्रक ने पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक धनीराम उर्फ़ बंदी कुशवाहा (50 वर्ष), निवासी राजापुरवा, गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना शुक्रवार रात लगभग सात बजे सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई।

### पुलिस ने धोखाधड़ी प्रकरण में फरार 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने न्याय पथ अभियान के तहत वर्ष 2023 के प्रकरण- नौकरी का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपी उमा शर्मा निवासी हमीदपुर जिला अलवर राजस्थान एवं कमलकांत शर्मा निवासी द्वारकापुरम भरत विहार, नॉर्थ एवेन्यू, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों को न्यायालय पेश किया गया।

### रेलवे क्रॉसिंग पर फंसा ट्रक, 5 घंटे तक लगा भीषण जाम

**हरपालपुर।** नगर के बीच से गुजऱने वाले झाँसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 339 पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार सुबह एक ट्रक का एक्सल टूट जाने से करीब 5 घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। सुबह 10 बजे शुरू हुई समस्या शाम 4 बजे तक बनी रही, जिससे स्कूली बच्चों, कॉलेज छात्रों, राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार केबिल तार से लदा ट्रक कानपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक रेलवे क्रॉसिंग पर बने स्पीड ब्रेकर से गुजऱा, ओवरलोड होने की वजह से उसका एक्सल टूट गया और ट्रक वहीं फंस गया। देखते ही देखते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम विकराल रूप ले गया। स्थिति ऐसी रही कि बाइक निकालना भी मुश्किल हो गया, जिससे कई छात्रों को परीक्षा देने के लिए पैदल ही रेलवे क्रॉसिंग पार करनी पड़ी। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुँची और घंटों की मशक्कत के बाद भी जाम पूरी तरह नहीं खुल पाया। सड़क का एक हिस्सा बंद होने से बार-बार जाम लगता रहा। जाम में स्कूली वैन, एम्बुलेंस और मरीजों को ले जा रहे वाहन भी घंटों फंसे रहे। मिस्त्री को बुलाकर लगभग दोपहर 2 बजे ट्रक का एक्सल बदला गया, जिसके बाद ट्रक को हटाकर सड़क को खाली किया जा सका।जाम की विकराल समस्या का असर पुलिस कामकाज पर भी पड़ा।

प्रधानमंत्री के आव्हान पर देशभर में हो रहे आयोजन- सांसद राहुल सिंह

# पथरिया में कबड्डी एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सांसद खेल महोत्सव पूरे जिले में चल रहा है मैं सांसद राहुल सिंह को धन्यवाद देना चाहता हूं कि बच्चों को खेलने का अवसर मिला उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला दमोह संसदीय क्षेत्र की क्रांति गौड़ ने देश में खेल के जरिए अपना नाम रोशन किया है इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने सांसद खेल महोत्सव 2025 का पथरिया तहसील मुख्यालय पर कबड्डी एवं वॉलीबॉल खेल के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा सांसद खेल प्रतियोगिता के माध्यम से यहां के खिलाड़ियों को भी अपना नाम रोशन करने का अवसर मिलेगा। इस तरह की प्रतियोगिताएं जहां बच्चों में खेल में निखार पैदा करती है वहीं उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं खेल में शामिल सभी प्रतिभाओं को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा आज पथरिया में सांसद



खेल महोत्सव शुरू हो रहा है उन्होंने कहा पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा इसमें सभी विधायकों, मंत्री और कमेटी के सदस्यों तथा कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग मिल रहा है। सांसद श्री लोधी ने कहा खेल एक माध्यम है जिसमें बच्चों को खिलाड़ियों को अवसर खेलने का मिलता है। सांसद श्री लोधी ने कहा सभी विधानसभा क्षेत्र में 30 नवंबर तक खेल के आयोजन होंगे फिर जिला मुख्यालय में खेल एक से 20 दिसंबर तक आयोजित किए जाएंगे और 25 दिसंबर को संसद खेल महोत्सव का समापन होगा। उन्होंने कहा संसद खेल महोत्सव के बाद हमारे खिलाड़ी क्रांति गौंड की तरह क्षेत्र का नाम और रोशन करेंगे इस दौरान राष्ट्रीय खिलाड़ी कंचन कुर्मी और सुधीर पटेल का सम्मान किया गया। खेल के शुभारंभ अवसर पर कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेंद्र कटारे, सुंदरलाल विश्वकर्मा, महेश पटेल, केदार पटेल, श्यामलाल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, सम्माननीय मीडियाजन तथा खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# मानव जीवन का सार भगवान का नाम : पं विपिन बिहारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



गौहची झलौन में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सप्तम दिवस की विश्राम बेला भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। कथा वाचक पंडित विपिन बिहारी दास ने अपने दिव्य प्रवचन में मानव जीवन के वास्तविक सार, धर्म, भक्ति और सत्कर्मों की महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। पंडित जी ने कहा कि मानव जीवन का सार भगवान का नाम है। अंत समय में साथ जाने वाला न धन होता है, न मान–प्रतिष्ठा, बल्कि केवल जीवन भर किए गए कर्म ही मनुष्य के सहायक बनते हैं।

उन्होंने भक्तों को संदेश दिया कि जीवन में सदैव अच्छे कार्य करते रहना चाहिए, क्योंकि यही सत्कर्म आगे चलकर मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी बनते हैं। गर्ग संहिता का उल्लेख करते हुए पंडित विपिन बिहारी दास ने कहा कि मनुष्य को अपना जीवन किसी और के जीवन से जोड़कर जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि घर के दरवाजे पर कोई भिखारी आए तो उसे पैसे देने की अपेक्षा अन्न अवश्य देना चाहिए, क्योंकि दुनिया में सबसे बड़ा दान अन्नदान माना गया है। रामायण और भागवत का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि भगवान के नाम की महिमा अनंत है। श्रीमद्भागवत के 18,000 श्लोकों का 'निचोर' नाम संकीर्तन ही है। सुखदेव जी ने राजा परीक्षित को बताया कि संसार भरोसे के योग्य नहीं है, इसलिए मनुष्य को प्रतिदिन कम से कम एक बार मंदिर जाकर भगवान की चौखट पर शीश अवश्य झुकाना चाहिए।

सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए पंडित जी ने कहा कि सुदामा भौतिक रूप से धनी नहीं थे, किंतु जब भगवान कृष्ण स्वयं उनके चरण दबा रहे हों और माता लक्ष्मी उनके लिए पंखा झुला रही हों, तो उससे बड़ा धन और क्या हो सकता है? इस कथानक के माध्यम से उन्होंने स्पष्ट किया कि सच्ची संपत्ति भक्ति, विनम्रता और सादगी में निहित है। उन्होंने ब्राह्मणों के कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ब्राह्मण को अपने कर्म, चरित्र और ज्ञान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। आज के समय में इंसान के चेहरे से मुस्कान गायब होती जा रही है—जैसे चुनाव जीतने के बाद नेता जनता से दूर हो जाते हैं। इसलिए मनुष्य को जो प्राप्त है, उसे पर्याप्त मानकर संतोषपूर्वक जीवन जीना चाहिए।

अंत में पंडित विपिन बिहारी दास ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि प्रतिदिन भजन–कीर्तन और भगवान के नाम का जाप करें, क्योंकि भक्ति ही वह मार्ग है, जिससे भगवान की प्राप्ति संभव है। सभास्थल में उपस्थित भक्तगणों ने कथा का भावपूर्ण रसपान किया और वातावरण भक्ति से सराबोर हो उठा।

# मनरेगा में जनपद अधिकारियों व रोजगार सहायकों की मिली भगत से चल रहे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

केंद्र सरकार की मनरेगा योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य के लिए शासन द्वारा 25 लाख रुपए तक के काम करने ग्राम पंचायतों को अधिकार है पंचायतों में मनरेगा योजना रोजगार सहायकों के लिए सही मायने में वरदान है। पंचायत में क्या काम चल रहे हैं। यह अधिकांश लोगों को पता तक नही रहते कि कौन काम किस योजना से चल रहे हैं लेकिन सोचने वाली बात है। जनपद की कुछ ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष में 2023-24 में 70-75 लाख रुपए के काम कराये मतलब जनपद पंचायत अंतर्गत करोड़ों रुपए खर्च हुए पर हकीकत देखने पर काम किस तरह से हुए इसकी कभी जांच नही की जाती कार्य स्वीकृति से पहले 10-15 प्रतिशत का लेन देन हो जाता है उसके बाद आगे चलता है मस्टर रोल का काम रोजगार सहायकों के हाथ में रहता है जो मशीनों के काम को मजदूरों का नाम देकर खातों में भुगतान करवाते हैं जिसमें नाम किसी का खाता कोई चलते रहते हैं ऐसा नहीं किसी को मालूम नही सही मायने में जनपद के अधिकारी स्वयं रोजगार सहायकों को रास्ते बताते हैं बदले में अपना हिस्सा फिक्स कर लेते हैं जिससे सब कुछ खेल चल रहा है। कार्यवाही अगर थोड़ी बहुत कभी की गई तो सिर्फ एकाध पर वाकि सब की मिली भगत रहती है जिससे सब एक दूसरे पर आरोप लगाते रहते हैं जबकि सही मायने में गलती जनपद के अधिकारी शुरुआत से करते हैं और फिर जिनको जांच करना है वह पहले ही लेन देन कर लें तो फिर कार्यवाही की बात कहां रहेगी। शासन द्वारा मनरेगा योजनाओं में खुलकर भ्रष्टाचार अधिकारियों की मिली भगत से होता है वही कागजों पर कार्य प्रगति दर्शाते रहते हैं वर्तमान में जनपद की कार्यशैली से सब परिचित हैं कि किस तरह से संचालन किया जा रहा है। अब तो हर कोई यह चर्चा करने लगा कि यहां बस चले तो एक दो लोग ही जनपद चला सकते वाकि की आवश्यकता नहीं लगती है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



**दमोह।** शासकीय हाई स्कूल बरधारी में समर्थ भारत के अंतर्गत आयोजित सतत एवं व्यापक अधिगम तथा मूल्यांकन गतिविधि में छात्रों ने संख्यात्मक योग्यता, आकृति परीक्षण, बौद्धिक क्षमता एवं तार्किक क्षमता से जुड़े प्रश्नों में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में कक्षा नवमी से निशा कुर्मी ने प्रथम, सुषमा अहिरवार ने द्वितीय, तथा युवराज कुर्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं से प्राची कुर्मी प्रथम, अक्षय कुर्मी द्वितीय, और अनमोल कुर्मी तृतीय स्थान पर रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जीवन कौशल शिक्षा उज्जवल के अंतर्गत घरेलू हिंसा रोकथाम में लड़कों एवं पुरुषों की भूमिका विषय पर विशेष सत्र भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य बी.आर. अहिरवार, शिक्षक आर.के. दुबे, एस.के. मुड़ा, डी.सी. असाटी, दशरथ पटेल, श्रीमती रिचा सोनी, राजेश अहिरवार, खिलान सेन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विशेष गहन पुननिरीक्षण के लिये जिला कांग्रेस ने किये प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य एस.आई.आर. 2025 के लिये जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने जिले की चारो विधानसभा में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभारी नियुक्त किये है जो अपने अपने क्षेत्र में बी.एल.ए. भी नियुक्त करेंगे। इसके साथ ही संपूर्ण जिले में सेक्टर एवं मंडलम के प्रभारियों के अलावा जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजनों को दायित्व सौंपा गया है। जिसमें दमोह नगर पालिका के अंतर्गत अजय टंडन पूर्व विधायक, रतनचंद जैन पूर्व जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, दमोह ग्रामीण में मनु मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस अमर सिंह, अध्यक्ष किसान कांग्रेस, ब्रजेश पटैल हिरदेपुर, साधु उपाध्याय को प्रभारी बनाया गया है। वही पथरिया नगर पंचायत के लिये भरत श्रीवास्तव, रत्नेश सोनी, शुभम चौबे, पूरन कुशवाहा, एवं पथरिया ग्रामीण लक्ष्मण सिंह ठाकुर, प्रदीप पटैल बटियागढ ब्लाक के लिये, राव ब्रजेन्द्र सींग, राजेश राय, बबलू खान, जबेरा विधानसभा से प्रताप सिंह पूर्व विधायक, रजनी ठाकुर अध्यक्ष महिला कांग्रेस, संतोष रजक तेन्दूखेड़ा ब्लाक के लिये तुलाराम यादव अध्यक्ष जनपद पंचाय, हल्ले पहलवान, कृष्णा यादव हटा विधानसभा से हटा नगरपालिका क्षेत्र के लिये शैलेन्द्र खटीक, धनश्याम यादव, शहजाद खान, हटा ग्रामीण में प्रदीप खटीक, योगेश सराफ, दीपेश पटेरिया गैसावाद से योगेश पटेल, गोलू उपाध्याय पटेरा नगर पंचायत से धर्मेन्द्र जैन, भरत ताम्रकार, पटेरा ग्रामीण ग्रामीणपा से चौधरी, महेन्द्र प्रताप ि संह, नन्दलाल चौरसिया, प्रदीप पटेल संगठन मंत्री, हिन्डोरिया से के.के. वर्मा, अलीम खान, मुन्नालाल कोरी को बनाया गया है।

खोजाखेड़ी से सेमरा बुजुर्ग मार्ग 522.52 लाख की लागत से बनेगा, हुआ भूमिपूजन

# प्रदेश की धरती पर अब कोई भी मंजरा-टोला नही होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री लखन पटेल ने ग्राम खोजाखेड़ी से सेमरा बुजुर्ग मार्ग 05 करोड़ 22 लाख की लागत से बन रहे मार्ग के भूमि पूजन के उपरांत आयोजित गरिमामय समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस मार्ग से बन जाने से जहां एक और किसानों को बारहमासी मार्ग मिल जाएगा। वहीं यहां से दमोह जाने के लिए 4 किलोमीटर दूरी की बचत होगी। किसानों को वर्षा के दिनों में जो तकलीफ हुआ करती थे वह अब नहीं हुआ करेगी। उन्होंने कहा सरकार की मंशा हैं कि हर गांव हर मोहल्ले मंजरे टोले में सड़क हो। सांसद राहुल सिंह के प्रयासों से जिले में 441 सड़कों की स्वीकृति मिली है आने वाले दो से तीन सालों में क्रमबद्ध तरीके से सड़को का काम पूरा होगा। उन्होंने



कहा मध्य प्रदेश की धरती पर अब कोई मोहल्ला मंजरा टोला ऐसा नहीं होगा। जहां पर सड़क ना हो। पीने के पानी की व्यवस्था हर जगह की जा रही है, सरकार की नीतियों से हर जगह 24 घंटे बिजली मिल रही है। राज्यमंत्री श्री लखन पटेल ने ग्राम वासियों से कहा कि आपके ग्राम में 25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन शीघ्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा पथरिया विधानसभा में चार बड़े डैम बने हैं साजली, जुड़ी, पंचम नगर और सीता नगर। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा मेरी कोशिश हैं, विधानसभा क्षेत्र के 18 से 19 गांव छूटे हैं करीब 18000 हेक्टर जमीन है यहां पर भी बेहतर व्यवस्था करने के लिए लगातार सर्वे कार्य किया जा रहा है चाहे छोटा हो या बड़े डैम बनाने का प्रयास किया जाएगा मेरी जिम्मेवारी है सभी का दुख दर्द दूर हो। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि खोजा खेडी-सेमरा मार्ग की सौगात मिली हैं। निश्चित ही यह मार्ग क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात हैं। उन्होंने कहा संपूर्ण पथरिया क्षेत्र को जल संकट से निजात दिलाने के लिए मंत्री जी ने काम किया है इससे क्षेत्र समृद्ध होगा। सांसद श्री लोधी ने कहा सरकार निरंतर विकास के कार्य कर रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी लगातार विकास को लक्ष्य बनाकर काम कर रहे हैं। सभी सड़कों को मुख्य सड़कों से जोड़ने का काम लगातार जारी हैं। बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो रही है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने सभी से गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अपना वोटर आईडी प्रक्रिया पूरा करने का आह्वान किया। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा सरकार इस उद्देश्य पर कार्य रही है कि ग्रामीणों क्षेत्रो को मुख्य मार्ग से कैसे जोड़ा जाये, उसी दिशा में आज खोजाखेड़ी से सेमरा बुजुर्ग मार्ग का भूमिपूजन किया है, इस मार्ग की ग्रामीण लोगों को बहुत ही आवश्यकता थी क्योंकि ग्रामीणों को 3-4 किलोमीटर की अधिकतम दूरी तय करनी पड़ती थी लेकिन इस मार्ग के बनने के बाद उनकी दूरी कम होगी और उनका सफर आसान व सुविधाजनक होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेंद्र कटारे, महेश पटेल, केदार पटेल, श्याम पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में गांव और आसपास के लोग मौजूद रहे।

# जनाज़े से पहले भाजपा पार्षद बिलाल अली गिरफ्तार

## पिता की मौत हत्या या हार्ट अटैक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार

**छतरपुर।** भाजपा पार्षद बिलाल अली को उनके पिता शाकिर अली की मौत के मामले में शनिवार सुबह जनाज़े की नमाज़ से ठीक पहले पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि पार्षद ने 19 तारीख को संकट मोचन चौराहा और अपने निवास पर पिता तथा मां के साथ मारपीट की थी। गंभीर रूप से घायल शाकिर अली को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां से हालत नाज़ुक होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर किया गया था। वहां स्थिति बिगडऩे पर डॉक्टरों ने जवाब दे दिया और उन्हें पुनः छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां 21 तारीख की रात उनकी मौत हो गई। स्थानीय स्तर पर चर्चा थी कि पार्षद द्वारा मारपीट के कारण ही पिता की मौत हुई। मृतक के शरीर पर चोटों के निशान भी पाए जाने की बात सामने आई, और बताया गया कि पिटाई में इस्तेमाल हुआ डंडा भी टूट गया था। 22 तारीख की सुबह करीब 11 बजे शव को सुपुर्द-ए-ख़ाक करने के लिए कब्रिस्तान ले जाया गया।

# राजा रघु के वंश में दशरथ के पुत्र के रूप में प्रकटे थे श्री राम : पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित नंदीश्वर महादेव नंदीवन मंदिर परिसर में चल रही श्री सीताराम विवाह कथा रस के द्वितीय दिवस मे कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि रघुवंश का आरम्भ राजा दिलीप से होता है जिसका बड़ा ही सुन्दर और विशद वर्णन महाकवि कालिदास ने अपने महाकाव्य रघुवंशम में किया है कालिदास ने राजा दिलीप, रघु,अज, दशरथ,राम,लव,कुशहअतिथि और बाद के बीस रघुवंशी राजाओं की कथाओं का समायोजन अपने काव्य में किया है राजा दिलीप की कथा भी उन्हीं में से एक है राजा दिलीप बड़े ही धर्मपरायण गुणवान बुद्धिमान और धनवान थे यदि कोई कमी थी तो वह यह थी कि उनके कोई संतान नहीं थी सभी उपाय करने के बाद भी जब कोई सफलता नहीं मिली तो राजा दिलीप अपनी पत्नी सुदक्षिणा को लेकर महर्षि वशिष्ठ के आश्रम संतान प्राप्ति का आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे महर्षि वशिष्ठ ने राजा का आथित्य सत्कार किया और आने का प्रयोजन पूछा तो राजा ने अपने निसंतान होने की बात बताई तब महर्षि वशिष्ठ बोले हे राजन तुमसे एक अपराध हुआ है इसलिए तुम्हारी अभी तक कोई संतान नहीं हुई है। तब राजा दिलीप ने आश्चर्य से पूछा गुरुदेव मुझसे ऐसा कोनसा अपराध हुआ है कि मैं अब तक निसंतान हूँ कृपा करके मुझे बताइए महर्षि वशिष्ठ बोले राजन एक बार की बात है जब तुम देवताओं की एक युद्ध में सहायता करके लौट रहे थे तब रास्ते में एक विशाल वटवृक्ष के नीचे देवताओं को भोग और मोक्ष देने वाली कामधेनु विश्राम कर रही थी और उनकी सहचरी गौ मातायें निकट ही चर रही थी। तुम्हारा अपराध यह है कि तुमने शीघ्रतावश अपना विमान रोककर उन्हें प्रणाम नहीं किया जबकि राजन यदि रास्ते में कहीं भी गौवंश दिखे तो दायीं ओर होकर राह देते हुयें उन्हें प्रणाम करना चाहिए यह बात तुम्हे गुरुजनों द्वारा पूर्वकाल में ही बताई जा चुकी थी लेकिन फिर भी तुमने गौवंश का अपमान और गुरु आज्ञा का उलंघन किया है इसीलिए राजन तुम्हारे घर में अभी तक कोई संतान नहीं हुई महर्षि वशिष्ठ की बात सुनकर राजा दिलीप बड़े दुखी हुए आँखों में अश्रु लेकर और विनम्रतापूर्वक हाथ जोड़कर राजा दिलीप गुरु वशिष्ठ से प्रार्थना करने लगे गुरुदेव मैं मानता हूँ कि मुझसे अपराध हुआ है किन्तु अब इसका कोई तो उपाय होगा तब महर्षि वशिष्ठ बोले एक उपाय है राजन ये है मेरी गाय नंदिनी है जो कामधेनु की ही पुत्री है इसे ले जाओ और इसके संतुष्ट होने तक दोनों पति पत्नी इसकी सेवा करो और इसी के दुग्ध का सेवन करो जब यह संतुष्ट होगी तो तुम्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति होगी ऐसा आशीर्वाद देकर महर्षि वशिष्ठ ने राजा दिलीप को विदा किया। अब राजा दिलीप प्राण प्रण से नंदिनी की सेवा में लग गये जब नंदिनी चलती तो वह भी उसी के साथ साथ चलते जब वह रुक जाती तो वह भी रुक जाते दिनभर उसे चराकर संध्या को उसके दुग्ध का सेवन करके उसी पर निर्वाह करते थे एक दिन संयोग से एक सिंह ने नंदिनी पर आक्रमण कर दिया और उसे दबोच लिया उस समय राजा दिलीप कोई अस्त्र शस्त्र चलाने में भी असमर्थ हो गया कोई उपाय न देख राजा दिलीप ने सिंह से प्रार्थना कि हे वनराज कृपा करके नंदिनी को छोड़ दीजिये यह मेरे गुरु वशिष्ठ की सबसे प्रिय गाय है मैं आपके भोजन की अन्य व्यवस्था कर दूंगा तो सिंह बोला नहीं राजन यह गाय मेरा भोजन है अतः मैं उसे नहीं छोडूंगा इसके बदले तुम अपने गुरु को सहस्रो गायें दे सकते हो बिलकुल निर्बल होते हुए राजा दिलीप बोले हे वनराज आप इसके बदले मुझे खा लो लेकिन मेरे गुरु की गाय नंदिनी को छोड़ दो तब सिंह बोला यदि तुम्हें प्राणों का मोह नहीं है तो इसके बदले स्वयं को प्रस्तुत करो मैं इसे अभी छोड़ दूंगा कोई उपाय न देख राजा दिलीप ने सिंह का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और स्वयं सिंह का आहार बनने के लिए तैयार हो गये सिंह ने नंदिनी गाय को छोड़ दिया और राजा को खाने के लिए उसकी ओर झपटा लेकिन तत्क्षण हवा में गायब हो गया तब नंदिनी गाय बोली उठो राजन यह मायाजाल मैंने ही आपकी परीक्षा लेने के लिए रचा था जाओ राजन तुम दोनों दम्पति ने मेरे दुग्ध पर निर्वाह किया है अतः तुम्हें एक गुणवान बलवान और बुद्धिमान पुत्र की प्राप्ति होगी इतना कहकर नंदिनी अंतर्ध्यान हो गई उसके कुछ दिन बाद नंदिनी के आशीर्वाद से महारानी सुदक्षिणा ने एक पुत्र को जन्म दिया रघु के नाम से विख्यात हुआ और उसके पराक्रम के कारण ही इस वंश को रघुवंश के नाम से जाना जाता है महाकवि कालिदास ने भी इसी रघु के नाम पर अपने महाकाव्य का नाम रघुवंशम रखा और इन्हीं राजा रघु के वंश में भगवान श्री राम का जन्म हुआ था।

# ग्राम पंचायत सेलवाडा में भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

ग्राम पंचायत सैलवाडा में शनिवार से पूज्य बृज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण शास्त्री जी महाराज के पावन सान्निध्य में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन गांव में भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कलश यात्रा में नारी शक्ति, युवा वर्ग तथा वरिष्ठ नागरिकों ने श्रद्धा और उल्लास के साथ भाग लिया। पूरे ग्राम में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया। पूज्य बृज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कथा के प्रथम दिवस में धर्म, शास्त्र और मानव जीवन के मूल स्वरूप पर प्रकाश डाला। श्रीमद् भागवत कथा हिन्दू धर्म के प्रमुख पुराणों में से एक



श्रीमद् भागवत महापुराण पर आधारित आध्यात्मिक कथा है। इसका मूल उद्देश्य भक्तों में श्रद्धा, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का जागरण करना है। यह कथा भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जीवन, लीलाओं और उपदेशों का विस्तृत वर्णन करती है। उन्होंने कहा कि हमारे धर्म शास्त्र ही हमें संयम, सदाचार और मानसिक बल प्रदान करते हैं। कथा में उन्होंने सृष्टि की उत्पत्ति, पर्वतों, प्रकृति और मानव शरीर के निर्माण की अद्भुत लीला का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने समझाया कि परमात्मा का एक नाम 'आनंद' भी है, और वही संपूर्ण जगत के पालनहार हैं। शास्त्री जी ने मानव जन्म की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि जब बालक मां के गर्भ में नौ माह तक रहता है, तब उसकी रक्षा और देखभाल करने वाला ईश्वर ही है। जन्म के उपरांत मां के आंचल में दूध का आना भी परमात्मा की अनुपम कृपा का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि शरीर रूपी बखरी (धाम) का निर्माण स्वयं ईश्वर ने किया है, इसलिए प्रत्येक जीव के प्रति दया और अहिंसा भाव रखना हमारा कर्तव्य है। कथा स्थल पर प्रतिदिन प्रातः एवं सायं आरती, संकीर्तन और प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। कथा के मुख्य यजमान रामसेवक सदारानी साहू है कार्यक्रम के आयोजन रामेश्वर, श्रीमती नीतू साहू, राजू श्रीमती राधा, राजेश श्रीमती रजनी, कमलेश श्रीमती रोशनी ,सतीश श्रीमती रीता है बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित हो रहे हैं। ग्राम में श्रृंखला रूप से धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन सप्ताहभर तक किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नपा उपाध्यक्ष को कांग्रेस पार्टी ने बनाया राष्ट्रीय प्रशिक्षक

**हटा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नपा उपाध्यक्ष प्रशांत नीलू पाठक को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन में राष्ट्रीय प्रशिक्षक की मिली जिम्मेदारी सौंपी गई जिससे हटा के कांग्रेस नेताओं में खुशी की लहर देखी गई। नीलू भाई को राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी सौंप जाने की खुशी में हटा क तमाम कांग्रेसियों ने बधाई शुभकामनाएं दी।

### बिना रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से चल रहे दवाखाना

**पथरिया।** जिलें में स्वास्थ्य विभाग में फर्जी डॉक्टर की कार्यशैली वैसे ही चर्चाओं में बनी हुई है लेकिन उसके बाद भी विभाग द्वारा कार्यवाही नही की जा रही है ताकि और कही ऐसी घटनाएं ना हो पथरिया में प्रमुख मार्गों पर अपने अपने को स्वयं विशेषज्ञ बनकर बैठे इलाज कर रहे डाक्टरों पर आखिर क्यों कार्यवाही नही की जाती जबकि पिछले वर्ष जिला कलेक्टर द्वारा सभी झोलाछाप डॉक्टरों को निर्देश दिए गए थे कि जो भी जिस पेथी से पढ़ा हो वह उसी से इलाज करें पर जिला स्वास्थ्य समिति में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है अन्यथा कार्यवाही की जाएगी पर कोई असर नही होता एक छत के नीचे सब जांच हो रही है।

### जबलपुर मार्ग पर बड़ा हादसा टला

**दमोह।** अभाना के पास टेक पर एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने सड़क किनारे खड़े तीन से चार लोगों को टक्कर मार दी, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि ट्रक ड्राइवर शराब के अत्यधिक नशे में था, और ट्रक में गैस टंकी लदी हुई थी, जिसके कारण बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी। लोगों की सजगता से बड़ा दुर्घटना टल गई। ग्रामीणों ने ट्रक को रोककर चालक को नीचे उतारा एवं पुलिस को सूचना दी।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अनोखी 'कार्यवाही'

# हिदायत के साथ जरूरतमंदों को पुलिस अधीक्षक ने दिये हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में लगातार बड रहे सड़क हादसों व उनसे बचने यातायात नियमों का पालन करने के लिये आम जनमानस को जागरूक करने के लिये पुलिस विभाग ने एक अनोखा प्रयास शुरू किया है। लोगों में यातायात सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दमोह पुलिस द्वारा '1000 लाइफ अभियान चलाया जा रहा है। एक ओर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के नेतृत्व में यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाई की जा रही है तो वहीं दूसरी ओर जन जागृति अभियान चलाकर जरूरतमंदों को निः शुल्क हेलमेट बांटे जा रहे है। इसी क्रम में शनिवार दोपहर 1.30 बजे पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी टीम के साथ कीर्ति स्तंभ चौक पहुंचे, जहां उन्होंने यातायात व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और बिना हेलमेट वाहन चला रहे युवकों को हिदायत दी। लगभग एक घंटे से अधिक समय तक एसपी सोमवंशी ने स्वयं यातायात के नियमों के





उलंघन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाई करते हुये समझाईस दी एवं हेलमेट वितरित किये गये। महत्वपूर्ण बात यह रही कि जहां पुलिस को देखकर लोग यहां वहां होते देखते जाते थे उनमें से अधिकांश हेलमेट प्राप्त करने जमा होते देखे गये। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक जानें सिर में गंभीर चोट लगने से जाती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर आसानी से बचाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है और 1 जनवरी से इसे कड़ाई से लागू किया जाएगा।

एसपी सोमवंशी ने जरूरतमंदों को निःशुल्क हेलमेट भी वितरित किए। एसपी ने जिले की महिलाओं से अपील की कि वे घर के पुरुषों को बिना हेलमेट बाहर न निकलने दें। साथ ही समाजसेवी संस्थाओं से जनसहयोग के रूप में हेलमेट उपलब्ध कराने की भी अपील की, ताकि जरूरतमंदों तक अधिक से अधिक सुरक्षा उपकरण पहुंचाए जा सकें। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल हेलमेट बांटना नहीं, बल्कि लोगों में जागरूकता पैदा करना है, ताकि वे नियमित रूप से हेलमेट पहनकर अपनी जान की सुरक्षा कर सकें।

## बकैनी में 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र का हुआ लोकार्पण

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री लखन पटेल ने 33/11 केवी विद्युत उप-केंद्र बकैनी के लोकार्पण अवसर पर कहा पथरिया क्षेत्र में अब सीता नगर और कुमेरिया में सब स्टेशन हो जाएंगे तो विद्युत की समस्या ही क्षेत्र से समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी विकास के संकल्प को लेकर इस दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। श्री पटेल ने कहा लोगों के दिलों में जगह हमने हमारी सरकार ने ऐसे ही नहीं बनाई विकास के कार्यों की वजह से ही आज लोगों के दिल में बसे हुए हैं। इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री पटेल और सांसद श्री राहुल सिंह लोधी ने केंद्र के लिए जमीन दानदाता शंकरलाल पटेल का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा बकैनी में आज 354 लाख रुपए की लागत से बने उप केंद्र का लोकार्पण हुआ है यह केंद्र क्षेत्र के लोगों को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व में हमारी सरकार हर जगह पानी पहुंचाने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा 44000 करोड़ से अधिक की लागत से केन बेतवा लिंक परियोजना का भूमि पूजन प्रधानमंत्री जी ने किया है आने वाले 10 सालों में सभी सभी गांव में पेयजल और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। सांसद श्री लोधी ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प विकास विकास और केवल विकास है समाज के हर व्यक्ति को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना हमारा संकल्प है और इस दिशा में सरकार तेजी से कम कर रही है। इस अवसर पर सांसद श्री लोधी और राज्यमंत्री श्री पटेल ने नवीन कंट्रोल रूम के पैनल का बटन दबाकर उपकेन्द्र चालू कर विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण किया गया। तत्पष्चात सम्पूर्ण नवीन विद्युत उपकेंद्र परिसर का भ्रमण कर उपकेन्द्र से निर्गमित फीडरों तथा उपकरणों का जायजा लिया गया। अधीक्षण अभियंता दमोह द्वारा अवगत कराया गया कि नवीन विद्युत उपकेंद्र 5 एम.व्ही.ए. का पावर ट्रॉसफार्मर स्थापित किया गया है। जिससे 03 नंबर 11 के.व्ही. फीडर संचालित होंगे।

# णमोकार मंत्र जीवन की नौका पार लगाता है : पं विपिन बिहारी दास

### समाज को बचाने की शक्ति गौ सेवा और तपस्या में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

**शुक्रवार की शाम आचार्य श्री विद्यासागर दयोदय पशु सेवा गौशाला में पंडित विपिन बिहारी दास का आगमन हुआ। उन्होंने दोनों गौशालाओं का अवलोकन किया तथा व्यवस्थाओं की सराहना की। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की पावन भूमि त्याग और तपस्या की भूमि है, जिसने भारत को परम पूज्य राष्ट्रीय तरुण सागर जी जैसे महान संत दिये हैं। ऐसी भूमि को वे नमनयोग्य बताते हुए भाव-विभोर हुए कि उन्हें इसी तपोभूमि पर अपनी वाणी की सेवा देने का अवसर मिला।**

उन्होंने कहा कि इतिहास में सात अजूबों का उल्लेख मिलता है, परंतु उनके मत में संसार का सबसे बड़ा अजूबा जैन संत हैं, जिनका त्याग, तपस्या और सेवा अतुलनीय है। कठोर ठंड में लोग जहाँ कई-कई रज़ाई ओढ़कर सोते हैं, वहीं संत अपने जीवन को पूर्ण संयम, त्याग और कठोर तपस्या में बिताते हैं— यह स्वयं परमात्मा की सबसे बड़ी कृपा का दर्शन है।

पंडित विपिन बिहारी दास ने प्राचीन वेदों और शास्त्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब तक पृथ्वी पर पुण्य का पल्ला भारी है, तब तक पृथ्वी का संतुलन बना रहेगा। आज भी यह संतुलन स्थिर है क्योंकि समाज में पुण्य कार्य, विशेषकर गौ सेवा, निरंतर बढ़ रहे हैं। उन्होंने गौ सेवा को संसार का सबसे बड़ा पुण्य बताते हुए कहा कि गाय के रोम-रोम में देवताओं का वास है, इसलिए गौ सेवा स्वयं में दिव्य साधना है।

उन्होंने देशभर के जैन समाज को बधाई देते हुए कहा कि विभिन्न





स्थानों पर संचालित गौशालाएँ समाज की धर्मपरायणता और सेवा-भावना का प्रतीक हैं। जैन धर्म के णमोकार मंत्र की महिमा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसका अर्थ ही है — "नौका पार"। जो णमोकार का जप करता है, उसकी जीवन-नौका अवश्य पार लगती है गाय जानवर नहीं है जब स्वामी विवेकानंद मॉरीशस गए तो वहां उनसे प्रश्न किया गया कि भारत में सबसे ज्यादा दूध कौन सा जानवर देता है स्वामी विवेकानंद ने कहा कि भैंस वहां सबसे ज्यादा दूध देती है तो वहां बहुत से लोग बैठे थे उन्होंने कहा कि हमने तो सुना था कि भारत में गाय सबसे ज्यादा दूध देती है तो स्वामी जी बोले मूर्ख तूने जानवर के बारे में हम से पूछा है अगर मां के बारे में पूछा होता तो हम गाय का नाम लेते भारत में हम लोगों ने गैया मैया को माँ माना है भारत के लिए कलंक के गौशाला और वृद्ध आश्रम समाज की वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज परिवार और समाजिक संरचना अनेक चुनौतियों से गुजर रही है। माता-पिता, गौ-धन और मूल्यों की उपेक्षा चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने दुख से कम और दूसरे के सुख से अधिक दुखी है, जबकि वास्तविक आनंद सेवा, त्याग और परोपकार से ही प्राप्त होता है। अंत में उन्होंने उपस्थित जनों को गौ-सेवा के महत्त्व पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया और समाज में समरसता, करुणा तथा सेवा को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

## अबैध शराब एवं सटटा पर्ची काटने वालों के विरुद्ध धड़पकड़ अभियान

**हिण्डोरिया।** नवागंत टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय ने हटा थाना से आकर हिण्डोरिया थाना की कमान सम्हालते ही गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध अपना अभियान शुरू कर दिया है। आमजन मे इस कार्यवाही से पुलिस के प्रति थोड़ा खोया हुआ विश्वास पुनः जागृत हुआ है। अबैध शराब के विरुद्ध जारी इस अभियान के तहत पुलिस ने अपने मुखबिरों की सूचना पर कार्यवाही करते हुये हिण्डोरिया निवासी सन्तोष पटेल से 20 पाव देशी शराब कीमत 2000 रू. विकाश शिवहरे से 24 पाव देशी शराब कीमत 2400 रू. एवं भगवत साहू से 43 पाव देशी शराब 4300 रू. कीमत की जप्त कर धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इसी तरह नगर के 02 युवकों पर सटटा पर्ची काटते हुये पकड़े जाने पर सटटा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। हिण्डोरिया पुलिस की इस कार्यवाही की सराहना करते हुये जागरूक संभ्रांत जन ने इन अवैधानिक कृत्यों मे बेरोकटोक लिप्त मगरमच्छों- बडी.मछलियों तक पहुँचने एवं उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। इस सम्बन्ध मे टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय ने असमाजिक तत्वों एवं गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने आगे भी इसी तरह की कार्यवाही करने की बात कही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ती सोमवंशी द्वारा गंभीर अपराधो मे फरार आरोपियो की धरपकड एवं अपराधो के निकाल हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया था जो कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया एव नगर पुलिस अधीक्षक एच आर पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन, थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक रचना मिश्रा के निर्देशन में चौकी सागरनाका प्रभारी उनि रोहित द्विवेदी एवं सागरनाका पुलिस द्वारा नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी सुनील पिता प्रेमलाल अहिरवार उम्र 35 साल निवासी ग्राम इमलाई थाना दमोह देहात को दिनांक 21.11.2025 को गिरफतार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही मे उनि रोहित द्विवेदी, प्रआर आलोक भारद्वाज प्रआर हर्ष पाठक, प्रआर पूरनलाल अठया, आर अखलेश छारी, आर मयंक दुबे (सायबर सेल) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बीएलए की बैठक संपन्न



**सिंग्रामपुर।** जबेरा विधानसभा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सिंगरामपुर मंडलम में बीएलए की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने विशेष रूप से उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में मंडलम प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि आगामी SIR सर्वे में बीएलए की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके तहत प्रत्येक ग्राम की सटीक व विस्तृत जानकारी एकत्र कर संगठन को उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सर्वे को सफल बनाने के लिए बीएलए कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर पार्टी की ताकत बढ़ाएँ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव साझा किए और सर्वे को बेहतर ढंग से संपादित करने की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में प्रमोद धनगर, गोलू विश्वकर्मा, मंजू सिंह, भागचंद राय, कैलाश ठाकुर, सुरेश पटेल, सुरेश सिंह, बेड़ी सिंह, कारे सिंह, दिनेश साहू, रज्जन विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**पूर्व विधायक प्रताप सिंह बोले—SIR सर्वे में बीएलए निभाएँ मजबूती से अपनी भूमिका**

## लंबी बीमारी के चलते शिक्षक के पुत्र की मौत



**तेजगढ़।** ग्राम तेजगढ़ निवासी शिक्षक मनोहर सीग ठाकुर के पुत्र का लंबी बीमारी के चलते बुधवार को शाम जबलपुर के निजीअस्पताल में निधन हो गया। घटना की जानकारी के बाद शिक्षा विभाग परिवार में मायूसी का माहौल बन गया। गुरुवार को मृतक नाबालिक का अंतिम संस्कार हुआ जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक भी सम्मिलित हुये। महेंद्र दीक्षित शिक्षक ने बताया वैभव सीग पिता मनोहर सीग की उम्र 17 वर्ष थी वैभव लबमे समय से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे उपचार के दौरान उनका निधन हुआ है उनके पिता मनोहर सीग वर्तमान में देवरीलीलाधार शासकीय स्कूल में प्रधान अध्यापक के रूप में पदस्थ है।

## हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन



दमोह। हॉकी दमोह के तत्वावधान मे आयोजित सालोमन उस्ताद शालेय लीग हॉकी प्रतियोगिता मे शासकीय शाला हिडोरिया एवं राष्ट्रीय जैन शाला के बीच मैच खेला गया जिसमे दोनो टीमो ने एक एक गोल किये। मैच बराबरी पर छूटा। निर्णायक शेख असार तरूण नामदेव किशन सिंह रहे। खिलाडियो से परिचय कोच रियाज से कराया। इस अवसर पर खेल अधिकारी एस व्ही सिंह, ललित नायक, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, देवाशीष, संतोष सेन, अल्ताफ खान, मेडम थापा, चिकी आराध्या आकांक्षा उपस्थित रहे।

## बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**हटा।** जनजातीय स्वाभिमान और भारतीय संस्कृति के प्रहरी भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई हटा द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न कराई गई जिसमें कक्षा 9वीं 10वीं 11वीं 12वीं के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभागिता की। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, विचारधारा, सामाजिक योगदान और आधुनिक भारत में उनकी प्रासंगिकता के प्रति गहरी समझ और राष्ट्रभक्ति की भावना का संवर्धन करना है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकोशल प्रान्त द्वारा पिछले कई वर्षों से यह प्रतियोगिता कराई जा रही है जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः स्मार्ट फोन, साइकिल और स्मार्ट घड़ी एवं इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केन्द्रों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार व प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। दमोह जिले के हटा में इस प्रतियोगिता के दौरान म. ल. ब. कन्या शाला स्कूल प्राचार्य वी पी ठाकुर, हटा सब जेल प्रभारी नागेंद्र चौधरी, अभाविप हटा नगर इकाई अध्यक्ष डॉ विनय कुमार वर्मा एवं विद्यार्थी परिषद के अन्य समस्त कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# उपस्वास्थ्य केंद्र का मंत्री लोधी ने किया लोकार्पण

### मंत्री धर्मेंद्र सिंह बहा रहे क्षेत्र में विकास की गंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

दमोह जिले की सबसे बड़ी विधानसभा क्षेत्र जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम बीजा डोंगरी में 65 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का स्थानीय विधायक एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी ने लोकार्पण किया। उक्त अवसर पर श्री लोधी ने बताया कि क्षेत्र के वासियों के द्वारा स्वास्थ्य की समस्या को लेकर के लम्बे समय से उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग की जा रही थी जिसका मुझे आज पूर्ण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। निश्चित ही इस भवन के




निर्माण से इस ग्राम के आसपास के लगभग 20 ग्रामों के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी उपचारों का लाभ प्राप्त होगा। इस भवन का बहुत ही उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण किया गया है। ऐसे ही विधानसभा क्षेत्र की अंतर्गत 15 भावनाओं की स्वीकृति विधानसभा से प्राप्त हुई है। और तीन-तीन करोड रुपए की लागत से तारा देही एवं चोपरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो का निर्माण कार्य जारी है जो की जल्द से जल्द बनाकर की तैयार हो जाएंगे। हम निरंतर ही यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर के काम कर रहे हैं। उक्त लो कार्पण के समय मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, नोहटा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व सरपंच महाराज सिंह सरपंच प्रतिनिधि अहिरवार डॉक्टर डीके राय सहित अन्य जनप्रति निधि गण एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

# करवा चौथ पर पत्नी की हत्या करने वाला पति आजीवन कारावास की सज़ा से दंडित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

करवा चौथ के दिन हुई हत्या के मामले में न्यायाधीश पंकज कुमार वर्मा की अदालत ने आरोपी रितेश उर्फ राजा ठाकुर को दोषी मानते हुए सश्रम आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपये अर्थदंड की सज़ा सुनाई है। शासन की ओर से मामले की प्रभावी पैरवी शासकीय अभिभाषक राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई।

### घटना का विवरण

घटना 20 अक्टूबर 2024 की शाम की है। फरियादी एवं ड्राइवर हरीराम साहू बस स्टैंड पर अपनी बस धो रहा था। उसी दौरान बस का कर्मचारी आरोपी फुटेरा वार्ड नं 2 दमोह निवासी रितेश उर्फ राजा ठाकुर की पत्नी गीता उसे लेने वहां पहुंची। आरोपी रितेश शराब के नशे में था और घर जाने से मना करने पर दोनों के बीच विवाद हो गया।

विवाद बढ़ने पर रितेश ने पत्नी को गालियां देते हुए मारपीट की। मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों को अलग किया, लेकिन थोड़ी देर बाद रितेश फिर लौटा और गीता के सीने में चाकू मार दिया। गंभीर रूप से घायल गीता को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### अभियोजन और बचाव पक्ष के तर्क

कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। अभियोजन की ओर से 13 साक्षियों के बयान कराए गए। आरोपी का तर्क था कि—घटना में प्रयुक्त चाकू पुलिस ने जप्त नहीं किया, न ही घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए, और यदि ये साक्ष्य लाए जाते, तो वह निर्दोष साबित हो सकता था।

### न्यायालय का निर्णय

अदालत ने कहा कि जब चक्षुदर्शी गवाहों के बयान चिकित्सकीय साक्ष्य से पूर्णतः पुष्ट हो रहे हों, तो मात्र हथियार या सीसी फुटेज नहीं मिलने से अभियोजन कहानी संदेहास्पद नहीं हो जाती। न्यायालय ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 के तहत दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। आरोपी घटना दिवस से ही जेल में बंद है और निर्णय दिनांक तक न्यायिक हिरासत में रहा।